ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 01 जुलाई 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 88


## किस रूट पर लगेगा सबसे कम टोल ? हाईवे पर यात्रा से पहले मिलेगी खबर, एनुअल FASTag के बाद NHAI की नई सौगात



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) जल्द ही अपने आधिकारिक मोबाइल ऐप 'राजमार्ग यात्रा' में एक नया फीचर जोड़ने जा रही है. इस फीचर्स राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क यात्रा की योजना बनाना काफी सस्ता हो जाएगा. इस फीचर का उद्देश्य सड़क यात्रा बजट अनुकूलित बनाना और टोल कलेक्शन के बारे में पारदर्शिता बढ़ाना है.

CNBC की रिपोर्ट के अनुसार राजमार्ग प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ऐप पर नया फीचर यूजर्स को दो डेस्टिनेशन के बीच विभिन्न मार्गों पर टोल फीस की तुलना करने की अनुमति देगा, जिससे वे अपनी यात्रा के लिए ज्यादा कॉस्ट इफेक्टिव ऑप्शन चुन सकेंगे.

### 2023 में लॉन्च हुआ था ऐप

नए टोल इंडिकेटर फीचर के साथ यात्री कई मार्गों पर टोल की लागत देख पाएंगे और सबसे कम शुल्क वाले मार्ग का चयन कर पाएंगे. बता दें कि 2023 में लॉन्च किया गया राजमार्ग यात्रा ऐप सड़क की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और इमरजेंसी सर्विस जैसी राजमार्ग से संबंधित रियल टाइम जानकारी प्रदान करता है.

### कैसे काम करेगा फीचर

उदाहरण के लिए दिल्ली से लखनऊ की यात्रा तीन सामान्य मार्गों से की जा सकती है. इसमें यमुना एक्सप्रेसवे, गाजियाबाद-अलीगढ़-कानपुर राजमार्ग और मुरादाबाद-बरेली-सीतापुर कॉरिडोर शामिल हैं. यह ऐप यात्रियों को यह आकलन करने की इजाजत देगा कि इनमें से किस मार्ग पर सबसे कम टोल खर्च होगा.

### एनुअल फास्टैग पास

हाल ही में NHAI ने 3 000 रुपये की कीमत वाले एनुअल FASTag पास लॉन्च की घोषणा की. यह पास यूजर्स को राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर 200 टोल-फ्री ट्रिप तक की अनुमति देता है. हालांकि, यह राज्य सरकारों द्वारा प्रबंधित टोल प्लाजा पर मान्य नहीं होगा. वार्षिक पास 15 अगस्त से उपलब्ध होगा. जैसे ही यात्री 200 ट्रिप पूरी कर लेगा, उसे पास को रिचार्ज फिर से करना होगा. एनुअस पास के लिए यात्रियों को अपने वाहन के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट से जुड़े FASTag को वेरिफाई करना होगा और 3000 का एकमुश्त भुगतान करना होगा. वेरिफिकेशन और भुगतान पूरा होने के बाद, डिजिटल पास जारी किया जाएगा.

## जून में सरकार ने 1.85 लाख करोड़ GST वसूलाः पिछले साल की तुलना में 6.2% बढ़ा; 2017 में आज ही लागू हुआ था GST



24 न्यूज अपडेट

सरकार ने जून 2025 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (GST) से 1.85 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.2% की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार 1 जून को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी जून 2024 में सरकार ने 1.73 लाख करोड़ रुपए GST कलेक्ट किया था।

हालांकि, अप्रैल और मई के मुकाबले जून का कलेक्शन थोड़ा कम रहा। अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए GST के रूप में जुटाए गए थे।

### आज GST के 8 साल पूरे

आज देश में GST लागू हुए 8 साल पूरे हो गए हैं। 1 जुलाई 2017 को देश में GST लागू किया गया था। इस दौरान टैक्स कलेक्शन के आंकड़ों ने नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में ग्रॉस GST कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो 5 साल पहले 2020-21 में सिर्फ 11.37 लाख करोड़ था।

यानी, 5 साल में टैक्स वसूली लगभग दोगुनी हो गई है। 2024-25 में हर महीने औसत GST कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपए रहा। ये 5 साल पहले 2020-21 में 95 हजार करोड़ रुपए था।

## राजस्थान के अलवर में सड़कें डूबीं, घरों में पानीःहिमाचल में 4 जगह बादल फटा, 4 की मौत, 16 लापता; प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़



24 न्यूज अपडेट

देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसूनी बारिश जारी है। राजस्थान के अलवर में सोमवार को भारी बारिश के चलते सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं। घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार रात 4 जगह बादल फटने से भारी नुकसान हुआ। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 लोग लापता हैं। 10 घरों को नुकसान पहुंचा है।

उत्तराखंड में सोमवार को कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है।

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। नदी में कटान शुरू हो गया है। मजरा घोसियाना गांव में 9 सेकेंड में एक पक्का मकान नदी में समा गया।

वाराणसी में गंगा उफान पर हैं। हर घंटे 50mm की रफ्तार से पानी बढ़ रहा है। मणिकर्णिका घाट तक पानी आ गया है। गंगा द्वार घाट से मणिकर्णिका घाट का संपर्क टूट गया है।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। रुक-रुक कर हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। नदी चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के खोड़- छतौली मार्ग पर स्थित है। पुलिया का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है। ऐसे में ग्रामीण कंधे पर बाइक रखकर जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

IMD ने मंगलवार को कहा कि अगले छह से सात दिनों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश की संभावना है।

## आरटीडीसी मावठा के टेंडर में भारी भ्रष्टाचार, चहेती फार्म को ठेका देकर सरकार को लगाया 8 से 10 करोड़ को चूना, टेंडर में रख दिया इंटरव्यू, राजस्थान से बाहर की फर्म को दिया टेंडर



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। जयपुर की आमेर मावठा झील में बोटिंग टेंडर में पारदर्शिता पर बड़ा सवाल उठ गया है। उदयपुर की कोरल एसोसिएट्स ने टेंडर में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत की है। टेंडर के माध्यम से आरटीडीसी ने सरकार को भारी चूना लगाया है जबकि वह हमेशा घाटे में चलने की शिकायत करता रहता है। चहेती फर्म को ठेका देने के लिए नियमों की जगह-जगह अवहेलतना की गई। यही नहीं टेंडर प्रक्रिया में इंटरव्यू प्रक्रिया रख कर उसके अंक रख दिए मानों यह किसी आईएएस, आरएएस का इंटरव्यू हो रहा हो। ऐसी अंधेरगर्दी पहले कभी नहीं देखी गई। अंदरखाने पूरे विभाग में ही नहीं पूरे राजस्थान में इस टेंडर के चर्चे हो रहे हैं। जानकार बता रहे हैं कि यह अब तक को दाल में कुछ काला चलता था मगर यहां तो पूरी की पूरी दाल ही काली है। कुल मिलाकर असेसटमेंट किया जाए तो सरकार को 8 से 10 करोड़ का चूना लगा है। ऐसा क्यों हुआ व लाभार्थियों के तार किन राजनेताओं व अधिकारियों से जुड़े हैं यह तो जांच के बाद ही पता चल सकता है । आपको बता दें कि जयपुर में आमेर की ऐतिहासिक मावठा झील में बोटिंग और वॉटर स्पोर्ट्स के संचालन के लिए 12 साल बाद बहुप्रतीक्षित टेंडर निकले हैं। इसमें उदयपुर की प्रतिष्ठित फर्म कोरल एसोसिएट्स ने राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) और अधिकारियों पर सौतेला व्यवहार और नियमों की अनदेखी कर मुंबई की एमफीट्राइट सब-सी प्राइवेट लिमिटेड को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। प्रक्रिया में उदयपुर की अनुभवी लोकल फर्मों को दरकिनार कर मुंबई और बाहरी कंपनियों को अनुचित तरीके से लाभ दिया जा रहा है।

### आयोग्य घोषित फर्म को फिर गले लगा लियां, पहले भी सिलिसेढ़ में किया था बाहर

कोरल एसोसिएट्स ने आरोप लगाया कि इससे पहले 2023 में सरिस्का, अलवर के सिलिसेढ़ झील बोटिंग टेंडर में भी इसी तरह बिना कारण अयोग्य घोषित कर बाहर कर दिया गया था।

### ये कैसे नियम, इंटरव्यू के भी नंबर

मावठा झील के बोटिंग टेंडर में कुल 100 अंकों का मूल्यांकन रखा गया। जिसमें 70 अंक तकनीकी अनुभव व पात्रता और 30 अंक प्रेजेंटेशन के थे। नियम था कि 70 से कम अंक पाने वाले की वित्तीय निविदा नहीं खोली जाएगी। कोरल एसोसिएट्स को मात्र 66 अंक देकर बाहर कर दिया गया जबकि एमफीट्राइट सब-सी को 75 अंक दे दिए गए। फर्म ने आरोप लगाया कि फाइनल स्कोर जारी कर दिया गया, लेकिन किसी भी मापदंड में कितने अंक मिले कृ इसका विवरण नहीं दिया गया। बताया गया कि सात दिन तक आरटीडीसी के प्रबंध निदेशक, तकनीकी निदेशक सहित अनुपमा जैन (अध्यक्ष, आरटीडीसी), प्रमोद शर्मा (निदेशक तकनीकी), और निविदा समिति के सदस्यों को मेल भेजकर जानकारी मांगी, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। कोरल एसोसिएट्स के प्रतिनिधि के अनुसार "अगर रेट में पिछड़ते तो कोई बात नहीं, लेकिन अंक देने में भी गलत दस्तावेज़ों के आधार पर बाहर किया गया। जिन बिंदुओं पर अंक दिए गए, उनमें नियम अनुसार थर्ड पार्टी का अनुभव मान्य नहीं होता, लेकिन फिर भी मुंबई की फर्म को अंक देकर हमें अयोग्य ठहरा दिया।" यह भी नहीं बताया गया कि इंटरव्यू में अंक का आधार क्या था। इलेक्ट्रिक बोटिंग का 10 साल का सफल अनुभव भी दरकिनार जब हमने दस्तावेज देखे तो पाया कि कोरल एसोसिएट्स को माउंट आबू में पिछले 10 वर्षों से इलेक्ट्रिक बोट का सफल संचालन का अनुभव है वह भी न्यूनतम रेट में। इसके अलावा उदयपुर की पिछोला झील में इलेक्ट्रिक बोट राजस्थान में सबसे पहले उतारने का भी श्रेय है। सभी मानकों पर भी खरे उतर रहे हैं मगर बाहर की फर्म को आधे अनुभव के बावजूद ऊंचे रेट और गलत दस्तावेज़ों के आधार पर अंक दिए गए। आरटीडीसी घाटे में, फिर भी बाहर की कंपनियों को फायदा आंकड़ों के अनुसार, आरटीडीसी बीते कई वर्षों से घाटे में चल रहा है। बावजूद इसके स्थानीय, अनुभवी और राजस्व बढ़ाने वाली फर्मों को दरकिनार कर बाहरी कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। 2023-24 में ही आरटीडीसी को 18 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, फिर भी राज्य की पुरानी फर्मों को बाहर कर टेंडर दिए जा रहे हैं। यह मामला अब पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव के समक्ष अपील के लिए भी पहुंच गया हैं।

### यह है प्रमुख मांगें

23 जून 2025 को जारी तकनीकी मूल्यांकन रिपोर्ट को रद्द किया जाए। उनकी तकनीकी बिड का पुनर्मूल्यांकन कर प्रत्येक बिंदु के अंक सार्वजनिक किए जाएं। पुनर्मूल्यांकन तक वित्तीय बिड न खोली जाए। पूरी टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

## आज सोना 1,544 महंगा होकर 97,430 पर पहुंचाःचांदी की कीमत 1,453 रुपए बढ़ी; इस साल सोना 28%, चांदी 24% महंगी हुई



24 न्यूज अपडेट

सोने का दाम आज यानी मंगलवार (1 जुलाई) को 1,544 रुपए महंगा होकर 97,430 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल यह 95,886 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत भी 1,453 रुपए बढ़कर 1,06,963 पहुंच गई है। कल एक किलो चांदी 1,05,510 प्रति किलो थी।

18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब 20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार बढ़ चुका है।

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,350 मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200

## सेंसेक्स 91 अंक चढ़कर 83,697 पर बंदःनिफ्टी 25,540 के पार; NSE रियल्टी-ऑटो में गिरावट, मेटल-फार्मा के शेयरों में तेजी रही



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते को दूसरे कारोबारी दिन आज (मंगलवार, 1 जुलाई) सेंसेक्स 91 अंक चढ़कर 83,697 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 25 अंक की तेजी रही, ये 25,542 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट रही। BEL, रिलायंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट 2.60% चढ़े। एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटरनल और टेक महिंद्रा 2% तक गिरे।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 शेयरों में गिरावट रही। NSE का मीडिया इंडेक्स 1.31% गिरा। IT, रियल्टी और ऑटो शेयरों में भी गिरावट रही। मेटल, फार्मा और सरकारी बैंकों के शेयरों में खरीदारी रही।

## सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति लागू की, पदोन्नति में भी मिलेगा लाभ



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कर्मचारियों के लिए पहली बार अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) वर्गों को सीधी नियुक्ति और पदोन्नति में आरक्षण देने की नीति को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है. इस निर्णय को न्यायालय के प्रशासनिक ढांचे में सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. यह नीति न्यायाधीशों पर लागू नहीं होगी.

### किन पदों पर लागू होगी नीति?

नई आरक्षण नीति रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, कनिष्ठ न्यायालय सहायक, और चैंबर अटेंडेंट जैसे प्रशासनिक और सहायक पदों पर लागू होगी. इससे इन वर्गों के कर्मचारियों को पदोन्नति और नियुक्ति में आरक्षित अवसर मिल सकेंगे.

### 24 जून को जारी हुआ परिपत्र

सुप्रीम कोर्ट के कर्मचारियों को 24 जून को जारी एक परिपत्र के माध्यम से यह जानकारी दी गई. इसमें कहा गया कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और संबंधित रजिस्टर को सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक नेटवर्क 'सुपनेट' पर अपलोड कर दिया गया है, और यह नीति 23 जून 2025 से प्रभावी मानी जाएगी.

परिपत्र में आगे कहा गया है, "यदि किसी कर्मचारी को रोस्टर या रजिस्टर में कोई त्रुटि दिखाई दे, तो वे रजिस्ट्रार (भर्ती) को आपत्ति/प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं."

### आरक्षण का अनुपात

मॉडल रोस्टर के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में कर्मचारियों के लिए आरक्षण का अनुपात निम्न प्रकार होगा.

**अनुसूचित जाति (SC) - 15%**
**अनुसूचित जनजाति (ST) - 7.5%**
**अनारक्षित - शेष पद**

यह आरक्षण न केवल नई नियुक्तियों, बल्कि पदोन्नति में भी लागू किया जाएगा.

मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई के कार्यकाल में आया निर्णय

यह ऐतिहासिक निर्णय उस समय आया है जब भारत के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई सर्वोच्च न्यायालय का नेतृत्व कर रहे हैं. वे अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले देश के दूसरे मुख्य न्यायाधीश हैं. उनके कार्यकाल में आया यह बदलाव न्यायपालिका में प्रतिनिधित्व और समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है.

### समावेशी न्यायपालिका की दिशा में कदम

यह नीति सुप्रीम कोर्ट के भीतर विविधता और समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है. लंबे समय से चली आ रही मांगों और बहसों के बीच यह फैसला न्यायपालिका के प्रशासनिक ढांचे को अधिक प्रतिनिधित्वशील और उत्तरदायी बनाने की कोशिश है.

## संपादकीय : परिचय में प्रताड़ना

शैक्षणिक संस्थानों में नए सत्र के विद्यार्थियों से पुराने छात्रों के परिचय की परंपरा पुरानी है पर पिछले कुछ वर्षों से यह प्रताड़ना का पर्याय बनती गई है। इस नई परंपरा को रैगिंग कहा जाता है। कई संस्थानों में तो यह इस हद तक क्रूर देखी - पाई गई है कि कई नए विद्यार्थियों ने तंग आकर जान तक दे दी। इसे रोकने के लिए कड़े नियम-कायदे बनाए गए, इसके दोषी पाए जाने वाले विद्यार्थियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाते हैं, जेल तक भेजने का प्रावधान है, उन्हें संस्थान से निलंबित कर दिया जाता है। फिर भी हैरानी की बात है कि परिचय की यह भयावह परिपाटी बंद नहीं हुई है। विचित्र बात है कि इसे रोकने में देश के कई बड़े शैक्षणिक संस्थान भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने चिह्नित किया है कि कई संस्थान रैगिंगरोधी नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करते और न उन्होंने इसके व्यावहारिक उपाय कर रखे हैं। इसे लेकर यूजीसी ने चार आइआइटी, तीन आइआइएम सहित देश भर के नवासी शैक्षणिक संस्थानों को नोटिस जारी किया है। इनमें सत्रह राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान हैं। यूजीसी ने कहा है कि अगर इन संस्थानों ने तीस दिन के भीतर रैगिंगरोधी मानदंडों का अनुपालन नहीं किया तो उनकी वित्तीय सहायता रोक दी जाएगी, उनकी मान्यता रद्द करने पर भी विचार किया जा सकता है। दरअसल, रैगिंग की वजह से विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क को पहुंचने वाले आघात के मद्देनजर यूजीसी विनियमन के तहत नियम बनाया गया कि सभी शैक्षणिक संस्थान दाखिले के समय सभी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता से रैगिंग में हिस्सा न लेने का शपथपत्र और हलफनामा जमा कराएंगे। मगर यूजीसी ने जांच में पाया है कि इस नियम को बने करीब पंद्रह वर्ष बीत जाने के बावजूद सभी संस्थान इसका ठीक से अनुपालन नहीं करते। यही नहीं, रैगिंग पर निगरानी रखने और उसे रोकने के लिए उनमें समुचित व्यवस्था भी नहीं की गई है समझना मुश्किल नहीं है कि संस्थानों के इस डीले- ढाले रवैए के चलते विद्यार्थियों में रैगिंग करने का साहस बनता है। यों तो हर संस्थान में बड़ी-बड़ी पट्टिकाएं लगा कर घोषित किया जाता है कि उनके परिसर में रैगिंग एक दंडनीय अपराध है, पर हकीकत यह है कि उनमें रैगिंग का सिलसिला खत्म नहीं हुआ है। उन पर ध्यान तब जाता है, जब कोई बड़ी घटना घट जाती है। सवाल है कि किसी संस्थान को रैगिंग जैसी क्रूर परंपरा को बंद कराने में ढिलाई क्यों बरतनी चाहिए। पुराने विद्यार्थियों का नए विद्यार्थियों से परिचय, मेलजोल कोई बुरी बात नहीं है। मगर इसके नाम पर किसी का मजाक उड़ाना, उसे प्रताड़ित करना, इस कदर भयभीत कर देना या उसमें हीन भावना भर देना कि वह मानसिक त्रास से अवसाद में चला जाए या खुदकुशी जैसा कदम उठा ले, तो इसे किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता। पुरानी परिपाटी तो नए विद्यार्थियों के स्वागत समारोह की रही है, उसने रैगिंग का विकृत रूप कैसे ले लिया कहना मुश्किल है। मगर कोई शैक्षणिक संस्थान खुद इस विकृत रूप को कैसे बने रहने दे सकता है। क्या उन संस्थानों को इस बात की जानकारी नहीं कि रैगिंग के दौरान क्या होता है। और उसका नए विद्यार्थियों पर कैसा असर पड़ता है। फिर दाखिले के वक्त उनसे यह शपथ पत्र लेने में क्यों गुरेज होनी चाहिए कि वे रैगिंग में हिस्सा नहीं लेंगे।

## राहत का मानसून

मौसम की अपनी गति होती है। बरसात के साथ गर्मी या ठंड के अनुमानित समय में थोड़ा आगे-पीछे होना एक प्राकृतिक चक्र रहा है। इस वर्ष मानसून के बारे में अनुमान लगाया जा रहा था कि इसका आगमन समय से थोड़ा पहले हो सकता है। अब भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी है कि इस वर्ष रविवार को मानसून पूरे देश में अनुमान के मुकाबले नौ दिन पहले आ गया है। सन 2020 के बाद यह पहला मौका है, जब मानसून पूरे देश में इतनी जल्दी आ गया। इससे पहले इस बार भारत के दक्षिणी छोर पर केरल तक मानसून दस दिन पहले ही पहुंच गया था। हालांकि कुछ दिनों पहले से दिल्ली और देश के कुछ अन्य हिस्सों में घने बादल छा रहे थे, लेकिन बारिश न होने की वजह से मौसम में नमी और गरमी ने लोगों को थोड़ा परेशान कर दिया था। लेकिन दो दिन देरी से सही, दिल्ली के कई इलाकों में खासी बारिश होने के बाद आशामडी ने रविवार को मानसून के आगमन की घोषणा की। इसके साथ ही तेज गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो इस वर्ष बारिश सामान्य से अधिक होगी। अपनी जरूरतों के लिए मानसून पर निर्भर देश के ज्यादातर इलाकों में बरसात पूर्वानुमानों के मुताबिक ही हो सकती है। जाहिर है, देश के जिन राज्यों में कृषि आमतौर पर बारिश के मौसम पर निर्भर है, उन इलाकों में भरपूर बारिश होने की संभावना है। गौरतलब है कि भारत में साठ फीसद से ज्यादा खेती मानसून पर निर्भर है । धान, मक्का, बाजरा, रागी, अरहर जैसी खरीफ की फसलें दक्षिण-पश्चिम मानसून पर ही निर्भर रहती हैं। अब मानसून के जल्दी आने से फसलों की बुआई भी थोड़ा पहले होने की उम्मीद की जा सकती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि खरीफ की फसलें देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन के पचपन फीसद के बराबर हैं। इसके अलावा, लौटता मानसून भी गेहूं, चना, मटर, जौ वगैरह रबी फसलों के लिए काफी अहम होता है। यानी देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से मानसून और इस वर्ष इसके नौ दिन पहले आने की अहमियत को समझा सकता है।

## नारायण सेवा संस्थान की बिल्डिंग में देर रात भीषण आग, पांचवें फ्लोर का सारा सामान खाक, बड़ी जनहानि टली




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। सेक्टर-4 स्थित नारायण सेवा संस्थान की बहुमंजिला इमारत के पांचवें फ्लोर पर सोमवार देर रात करीब 1 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग शॉर्ट सर्किट से लगी बताई जा रही है। इस फ्लोर पर संस्थान का मुख्य कार्यालय संचालित होता है। गनीमत रही कि घटना के समय नाइट शिफ्ट में काम कर रहे 10 कर्मचारी समय रहते बाहर निकल गए, जिससे किसी की जान नहीं गई। लपटों और धुएं से मचा हड़कंप, कर्मचारी जान बचाकर भागे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही 5वें फ्लोर पर आग लगी, एक कर्मचारी ने लपटें देखीं और तुरंत चिल्लाते हुए अन्य कर्मचारियों को सतर्क किया। सभी ने तेजी से सीढ़ियों से नीचे भागकर जान बचाई। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई। बाहर से लोगों ने इमारत की खिड़कियों से उठती लपटें और घना धुआं देखा, जिससे आसपास भीड़ जमा हो गई। फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस ने पूरी रात चलाया रेस्क्यू रात करीब 1:30 बजे फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने का काम सुबह तक लगातार चलता रहा। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया जा सका। सिविल डिफेंस के जवान ब्रीदिंग एयर मशीन पहनकर बिल्डिंग के भीतर दाखिल हुए और आग पर नियंत्रण पाने के प्रयास में जुटे। 10 दमकलें मंगाई गईं, लाखों का सामान जलकर खाक संस्थान की 5वीं मंजिल पर करीब 3 हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में कार्यालय स्थित है। आग लगने से ऑफिस का पूरा फर्नीचर, अलमारी, एलईडी स्क्रीन, एसी कम्प्रेसर, दस्तावेज और जरूरी फाइलें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। प्राथमिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग इतनी भीषण थी कि दमकल विभाग को 10 फायर टेंडर मंगवाने पड़े। संस्थान की इस बिल्डिंग के ग्राउंड से लेकर चौथे फ्लोर तक की दुकानों को किराए पर दिया गया है। हादसे के वक्त सभी दुकानें बंद थीं और केवल 5वें फ्लोर पर नाइट शिफ्ट में कर्मचारी कार्यरत थे। यदि आग नीचे तक फैलती या दुकानें खुली होतीं, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। बिजली व्यवस्था और सुरक्षा पर उठे सवाल घटना के बाद शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। ऐसे में संस्थानों और बहुमंजिला इमारतों में बिजली व्यवस्था, फायर सेफ्टी और इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

## बस स्टैंड पर तलवार से महिला शिक्षक की नृशंस हत्या: पूर्व प्रेमी पर हत्या का आरोप, पुलिस ने शुरू की तलाश



24 न्यूज़ अपडेट

बांसवाड़ा। जिले के कलिंजरा कस्बे में मंगलवार सुबह एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना ने हर किसी को झकझोर दिया। एक सरकारी स्कूल की महिला शिक्षक की खुलेआम तलवार से वार कर हत्या कर दी गई। आरोप है कि इस नृशंस वारदात को मृतका के पूर्व प्रेमी ने अंजाम दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका लीला ताबियार (36), निवासी अरथूना, सज्जनगढ़ ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, छाया महुड़ी में द्वितीय श्रेणी संस्कृत अध्यापक के पद पर कार्यरत थीं। रोज की तरह मंगलवार सुबह वे कलिंजरा बस स्टैंड पर स्कूल जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थीं, तभी हमलावर वहां पहुंचा। तलवार लेकर दौड़ा, पेट पर किया जानलेवा वार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी महिपाल भगोरा एक अल्टो कार से बस स्टैंड पर पहुंचा। महिला को देखते ही वह तेजी से उतरा और तलवार निकालकर सीधा उस पर हमला कर दिया। पेट पर गहरे वार के चलते लीला वहीं गिर पड़ीं। हमले के बाद आरोपी कार में भागने लगा, लेकिन पास के पेड़ से कार टकरा गई। ऐसे में वह पैदल ही भाग गया। राहगीरों ने पहुंचाई मदद, अस्पताल में नहीं बच सकी जान घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से महिला को बांसवाड़ा जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। सूचना मिलते ही बागीदौरा डीएसपी और कलिंजरा थानाधिकारी टीम सहित मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पूरी करतूत कैद हो गई है। पुलिस ने अल्टो कार जब्त कर ली है और फुटेज व कार नंबर के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी कर दी है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला प्रतीत हो रहा है। आरोपी महिपाल और मृतका लीला ताबियार के बीच पूर्व में प्रेम संबंध रहे हैं। किसी व्यक्तिगत रंजिश के चलते हत्या की आशंका है। आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा में केस दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## सागवाड़ा कॉलेज में बड़ा हादसा टला: जर्जर छत का मलबा छात्रा पर गिरा, मोबाइल क्षतिग्रस्त



24 न्यूज़ अपडेट

सागवाड़ा, 1 जुलाई। सागवाड़ा स्थित श्री भीखा भाई गवर्नमेंट कॉलेज में मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया जब कॉलेज की जर्जर हाल छत से अचानक प्लास्टर का मलबा गिरकर प्रथम वर्ष की छात्रा पारी अहारी पर आ गिरा। सौभाग्यवश छात्रा को कोई चोट नहीं आई, लेकिन उसका मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त हो गया, जिसकी स्क्रीन पूरी तरह टूट गई। कॉलेज भवन की स्थिति लंबे समय से जर्जर और खस्ताहाल बनी हुई है। कॉलेज की दीवारें और छतें कई जगह से टूटी हुई हैं, जहां से प्लास्टर उखड़ चुका है और सरिए तक बाहर आ चुके हैं। ऐसी स्थिति में कक्षाओं में बैठकर पढ़ाई करना विद्यार्थियों के लिए जोखिम भरा हो गया है। हादसे के वक्त छात्रा पारी अहारी कक्षा में पढ़ाई कर रही थी, जब अचानक छत से मलबे का बड़ा टुकड़ा गिरा। मलबा छात्रा के पास गिरा और उसका मोबाइल उसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया, और अन्य छात्र भी भयभीत हो उठे। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्होंने कई बार कॉलेज प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस खतरनाक भवन को गिराकर नया भवन बनाने की मांग की है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गौरतलब है कि श्री भीखाभाई कॉलेज में क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थी अध्ययन करते हैं, जो हर दिन इस खतरे के साये में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। छात्र संगठन और अभिभावकों ने प्रशासन से जर्जर भवन को तत्काल खाली कर नए भवन के निर्माण की मांग की है ताकि भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना न हो।

## सागवाड़ा में "मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान" के तहत वृक्षारोपण का शुभारंभ



24 न्यूज़ अपडेट

सागवाड़ा (रिपोर्ट: जयदीप जोशी). नगर पालिका सागवाड़ा द्वारा "हरियालो राजस्थान – एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत सोमवार को वृक्षारोपण कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी ने आरा रोड स्थित कचरा घाटी क्षेत्र में पौधा लगाकर की। अध्यक्ष गांधी ने बताया कि "एक पेड़ माँ के नाम" एक भावनात्मक एवं पर्यावरणीय पहल है, जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना तथा एक स्थायी स्मृति के रूप में पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। यह पहल एक हरित और समृद्ध भविष्य की दिशा में उठाया गया सार्थक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को इस अभियान में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि राजस्थान को हरा-भरा और स्वच्छ बनाया जा सके। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ता के.पी. सिंह चौहान, चिखली हॉल पुनर्वास कॉलोनी के राधाकृष्ण, पार्षद हरीश सोमपुरा, संजय जैन, विमल कलासुआ, रेखा कटारा, करण हरिजन, निलेश अहारी, कार्यकर्ता प्रकाश खटीक सहित नगरपालिका के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन




24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। पश्चिम रेलवे द्वारा समयपालनता मे सुधार करने हेतु बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 22949, बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय सुपरफास्ट रेलसेवा दिनांक 16.07.25 से बान्द्रा टर्मिनस से 12.15 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 14.40 बजे रवाना होकर अपने निर्धारित समय से दिल्ली सराय स्टेशन पहुँचेगी। इस रेलसेवा के मार्ग के बान्द्रा टर्मिनस, बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, अहमदाबाद, साबरमती, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाडा, फालना, रानी, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना व नारनौल स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन रहेगा।

## 80 फीट गहरे बिना मुंडेर के कुएं में गिरा बकरी का बच्चा, एक घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर निकाला गया



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। जिले में एक 80 फीट गहरे खुले कुएं में बकरी का बच्चा गिर गया। हादसे की जानकारी मिलते ही वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर को सूचित किया गया, जिसके बाद तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। रेस्क्यू सूचना पर लक्ष्मी लाल गमेती और चमन सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की सतत मेहनत के बाद बकरी के बच्चे को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि कुआं पानी से भरा नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। कुएं के चारों ओर मुंडेर नहीं होने से इस प्रकार की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे खुले कुओं को सुरक्षित करने की मांग की है ताकि भविष्य में किसी जानवर या इंसान के साथ दुर्घटना न हो।

## लेखांकन विभाग की डॉ लोढा को सागर की अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में मिला सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार



24 न्यूज़ अपडेट

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के लेखांकन एवं व्यावसायिक सांख्यिकी विभाग की सहायक आचार्य डॉ शिल्पा लोढा को मध्य प्रदेश के डॉ हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मोहनलाल सुखड़िया विश्वविद्यालय के लेखांकन एवं व्यासायिक सांख्यिकी विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. शूरवीरसिंह भाणावत ने बताया कि विभाग नए नए अवधारणाओं पर अनुसंधान करने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है उसी क्रम में डॉ शिल्पा लोढ़ा ने अपना शोध 'कलर अकाउंटिंग ए न्यू अप्रोच फॉर टीचिंग अकाउंटिंग' पर लिखा था। जहां लेखांकन आज नए-नए आयाम छू रहा है जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन अकाउंटिंग, बिग डाटा आदि पर निरंतर शोध जारी है, वही कलर अकाउंटिंग एक नई विधा है जिसमें नए प्रशिक्षकों को लेखांकन के मूलभूत विचार तथा विभिन्न वित्तीय विवरण भिन्न-भिन्न रंगों और चित्रों के माध्यम से आसानी से समझाये जा सकते हैं। इस आलेख में यह बताया गया कि कलर अकाउंटिंग एक नवाचारी शिक्षण पद्धति है, जो लेखांकन की जटिल अवधारणाओं को रंगों और विज़ुअल टूल्स के माध्यम से सरल और रोचक बनाती है। इसमें बैलेंस शीट और इनकम स्टेटमेंट को रंगों के माध्यम से दिखाया जाता है, जिससे छात्रों को वित्तीय लेन-देन की समझ जल्दी और स्पष्ट रूप से होती है। यह तरीका विशेष रूप से उन छात्रों के लिए उपयोगी है जो परंपरागत अकाउंटिंग से घबराते हैं।

## सांवलिया जी मंदिर में व्यवस्थाओं में जल्द दिखेगा बदलाव, नए अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव एक्शन मोड में



24 न्यूज़ अपडेट

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ अंचल के सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री सांवलिया जी मंदिर में अब व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार की उम्मीद जग गई है। राज्य सरकार द्वारा गठित नवगठित मंदिर मंडल के अध्यक्ष के रूप में हजारी दास वैष्णव के नियुक्त होते ही व्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में सक्रियता बढ़ गई है। हजारी दास वैष्णव की अध्यक्षता में मंदिर मंडल की प्रथम बैठक एक मैराथन सत्र के रूप में आयोजित हुई, जिसमें मंदिर की व्यवस्थाओं, सेवाओं और विकास कार्यों को विस्तार से समीक्षा कर त्वरित निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि मंदिर परिसर की सभी सेवाओं को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और भक्तों के अनुकूल बनाया जाएगा। हजारी दास वैष्णव ने मंदिर में कार्यरत कर्मचारियों और ठेका एजेंसियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नव नियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों की घोषणा के बाद से लगातार स्वागत कार्यक्रमों का दौर भी जारी है। गांव में हजारी दास वैष्णव का समाजसेवी मनोहरलाल मारू, पंकज कुमार मारू, भूपेन्द्र जैन, नितिन जैन, सुनील लोढ़ा, भानु लसोड़, विजय लक्ष्कार, ईश्वर व्यास और मुख्य पुजारी गागू महाराज ने उनके साथियों सहित भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर सहित नवगठित मंदिर मंडल के सदस्य पवन तिवारी, किशन अहीर, रामलाल गुर्जर और मिट्ठुलाल जाट का केक कटवाकर, उपरणा ओढ़ाकर और पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया।

# बाड़मेर पुलिस की धरकरभर मुहिम को बड़ी कामयाबीः 6 महीने से फरार, 10,000 का इनामी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 1 जुलाई। बाड़मेर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान धरकरभर के तहत एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। बीजराड़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत पिछले 6 महीनों से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी तस्कर प्रतापराम जाट को गिरफ्तार कर लिया है। प्रतापराम पुलिस की टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल है।

एसपी मीना ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज के निर्देशों और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस तथा सीओ जीवन लाल खत्री के सुपरविजन एवं थानाधिकारी बीजराड़ मगाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने अथक प्रयासों के बाद एनडीपीएस एक्ट थाना धनाऊ में वांछित प्रतापराम पुत्र सोनाराम जाट निवासी सिहागो की ढाणी रबासर को चौहटन कस्बे से धर दबोचा।

प्रतापराम जाट लंबे समय से फरार चल रहा था और इसकी गिरफ्तारी पर एसपी बाड़मेर द्वारा 10 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। इसको थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधियों की सूची में भी चयनित किया गया था। इसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगने की उम्मीद है।

गिरफ्तार किए गए मुलजिम प्रताप राम के खिलाफ थाना धनाऊ में पहले से ही एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थाना बीजराड़ के कांस्टेबल बाबूलाल की विशेष भूमिका रही।

# डॉक्टर्स डे पर साइबर सुरक्षा का सुरक्षा कवचः साइबर खतरों के विरुद्ध साझा रणनीति



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 1 जुलाई। डॉक्टर्स डे के खास मौके पर मंगलवार को केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर में चिकित्सकों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। "साइबर सुरक्षा" विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उनसे बचाव के प्रभावी तरीकों पर चर्चा करना था।

सीडीटीआई के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का लक्ष्य चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों को डिजिटल खतरों से आगाह करना और उनसे सुरक्षित रहने के उपायों पर गहन विचार-विमर्श करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव श्री अम्बरीश कुमार आईएएस मौजूद रहे। उन्होंने वर्तमान में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को प्रभावित कर रहे साइबर परिवर्तनों पर प्रकाश डाला और इनसे उत्पन्न होने वाले जोखिमों से बचने के तरीके साझा किए।

विशिष्ट अतिथियों में निजी अस्पताल एवं डॉक्टर्स एसोसिएशन राजस्थान (PHDA) के अध्यक्ष श्री विजय कपूर और अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ (ARISDA) के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय चौधरी भी शामिल हुए।

सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के एडवोकेट डॉ. निशीथ दीक्षित और साइबर वीर टेक्नोलॉजी जयपुर के सीईओ श्री मुकेश चौधरी ने चिकित्सा क्षेत्र के पेशेवरों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे वे अपनी महत्वपूर्ण सेवाओं को डिजिटल दुनिया में भी सुरक्षित रूप से जारी रख सकें।

यह कॉन्फ्रेंस चिकित्सा समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो उन्हें साइबर युग में सशक्त बनाने और मरीजों की जानकारी को सुरक्षित रखने में मदद करेगा।

# चोरी हुई एक्सयूवी और अवैध कट्टे के साथ दो बदमाश गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 01 जुलाई। चूरू पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सरदारशहर से छीनी गई एक एक्सयूवी गाड़ी को बरामद कर लिया है। इस मामले में दो शातिर बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से एक अवैध देशी कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम चूरू और सरदारशहर थाने से सूचना मिली थी कि दो लड़के सरदारशहर कस्बे से काले रंग की हरियाणा नम्बर की एक्सयूवी गाड़ी छीन भाग गए हैं। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल और रोहित सांखला के सुपरविजन में थानाधिकारी रायसिंह द्वारा तुरंत एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में भानीपुरा इलाके में आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

आमजन के सहयोग से जगह-जगह नाकाबंदी करवाई गई। थानाधिकारी मय टीम द्वारा सावर से जैतसीसर सड़क पर नाकाबंदी कर आरोपी राकेश जाट पुत्र महावीर (23) निवासी किकरालिया थाना रावतसर जिला हनुमानगढ़ और विनोद मेघवाल पुत्र ओमप्रकाश (19) निवासी मानक खेड़ी थाना पीलीबंगा हनुमानगढ़) को दबोच लिया गया।

इनके कब्जे से पुलिस ने छीनी गई XUV गाड़ी के साथ-साथ एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। दोनों मुलजिम आपराधिक प्रवृत्ति के हैं आरोपी राकेश के खिलाफ जान से मारने की धमकी और सार्वजनिक शांति भंग करने, हत्या, मारपीट, रास्ता रोकने, गैरकानूनी सभा और आपराधिक साजिश से संबंधित मामले, विनोद के खिलाफ रास्ता रोकने, मारपीट, चोट पहुँचाने, धमकाने, गाली-गलौज और तोड़फोड़ से संबंधित मामले पूर्व में दर्ज है।

# सावधान! लॉटरी के झांसे में न आएंः साइबर ठगों का नया पैंतरा

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 1 जुलाई। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने लॉटरी निकलने के नाम पर हो रही धोखाधड़ी को लेकर आम जनता को आगाह किया है। एक नई एडवाइजरी जारी कर पुलिस ने साइबर अपराधियों के बदलते तरीकों और उनसे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला है।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार ने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फँसाने के लिए नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। वे संदिग्ध मोबाइल नंबरों से कॉल कर बताते हैं कि आप किसी नामी-गिरामी कंपनी की लॉटरी में चुने गए हैं। इसके बाद वे आपके पते पर भारतीय पोस्ट के ज़रिए एक लॉटरी का पत्र और स्क्रैच कूपन भेजते हैं।

जब आपको यह कूरियर मिल जाता है तो ठग दोबारा कॉल करते हैं और कूपन को स्क्रैच करने को कहते हैं। कूपन स्क्रैच करने पर उसमें 10 से 15 लाख रुपये और एक चार-पहिया गाड़ी लॉटरी में मिलने का आकर्षक स्टिकर लगा होता है। इसके बाद अपराधी पीड़ित को लॉटरी पत्र में दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने को कहते हैं।

जब पीड़ित इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करता है तो साइबर अपराधी उसे पूरी तरह से विश्वास में ले लेते हैं। इनाम की राशि दिलाने के बहाने वे विभिन्न टैक्सों, गाड़ी रास्ते में होने, या पैसे वापस मिल जाने जैसे झूठे बहाने बनाते हुए पीड़ित से लगातार पैसे ऐंठते रहते हैं। उनका मकसद ज़्यादा से ज़्यादा पैसा ठगना होता है और वे बार-बार अधिक पैसे की मांग करते रहते हैं।

साइबर धोखाधड़ी से खुद को कैसे बचाएं?

राजस्थान पुलिस ने इस नई साइबर अपराध तकनीक से बचाव के लिए आम लोगों को निम्नलिखित सलाह दी हैः

सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि आपने कोई लॉटरी टिकट खरीदा ही नहीं है तो आपकी लॉटरी कैसे निकल सकती है?

लॉटरी के विजेताओं की घोषणा हमेशा सार्वजनिक रूप से और कंपनियों की आधिकारिक वेबसाइट पर की जाती है। यदि आपको ऐसी कोई सूचना मिलती है, तो बिना देर किए संबंधित कंपनी की वेबसाइट पर जाकर इसकी सत्यता की जाँच करें।

तुरंत रिपोर्ट करेंः यदि आप इस प्रकार की धोखाधड़ी के शिकार होते हैं या आपको ऐसा कोई संदिग्ध कॉल/कूरियर मिलता है, तो इसकी सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। आप साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल [https://cybercrime.gov.in] पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं या अपने निकटतम पुलिस स्टेशन/साइबर पुलिस स्टेशन में संपर्क करें।

# अंधविश्वास का काला जालः नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला तांत्रिक गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 01 जुलाई। झालावाड़ जिले के रायपुर थाना पुलिस ने एक ऐसे कथित तांत्रिक प्रहलाद मेहर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसने अंधविश्वास का फायदा उठाकर एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह तांत्रिक पैसे दोगुने करने और ऊपरी बाधा दूर करने का झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बनाता था।

पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि 23 जून, 2025 को रायपुर थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 22 जून को प्रहलाद मेहर नाम का तांत्रिक जिसका रायपुर-आजमपुर रोड पर सगस महाराज मंदिर के पास आश्रम है, उनकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को अपने साथ ले गया। प्रहलाद ने परिवार को झांसा दिया कि वह तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक से उनकी आर्थिक समस्याओं का समाधान करेगा और बेटी पर आई ऊपरी बाधा को दूर कर देगा।

अंधविश्वासी परिजनों ने अपनी नाबालिग बेटी को तांत्रिक के आश्रम भेज दिया। रात भर तांत्रिक ने तंत्र-मंत्र का दिखावा किया और सभी को वहीं सुला दिया। अगली सुबह जब परिजन जागे तो तांत्रिक और उनकी बेटी दोनों गायब थे। तांत्रिक का फोन भी स्विच ऑफ आ रहा था। तत्काल रायपुर थाने में नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा और वृत्ताधिकारी वृत्त पिड़ावा सुनील कुमार के मार्गदर्शन एवं थानाधिकारी बन्नालाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नए प्रावधानों के तहत गहन अनुसंधान और आसूचना संकलन के बाद 26 जून को अपहृत नाबालिग बालिका को केकड़ी अजमेर से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया।

जांच में सामने आया कि कथित तांत्रिक प्रहलाद मेहर ने नाबालिग बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। मेडिकल बोर्ड द्वारा दुष्कर्म संबंधी मेडिकल जांच कराई गई और बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। तांत्रिक प्रहलाद मेहर पुत्र रतन लाल उम्र 41 साल निवासी ओसाव थाना रायपुर को सोमवार 30 जून को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी बन्ना लाल सहित हैड कांस्टेबल दिलीप कुमार, महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल मुकेश गुर्जर (आसूचना अधिकारी), हनुमान चौधरी एवं महिला कांस्टेबल मंजू शामिल थी।

# लुटेरी दुल्हन का विवाह कराने वाले महिला व पुरुष दलाल गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

सागवाड़ा (रिपोर्टः जयदीप जोशी). सागवाड़ा पुलिस ने लुटेरी दुल्हन के विवाह कराने में संलिप्त एक महिला और एक पुरुष दलाल को अहमदाबाद (गुजरात) से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मदनलाल खटीक ने बताया कि कोकापुर निवासी वासुदेव (उम्र 39, पुत्र गोविंद पाटीदार) ने 14 जनवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शादी न होने के कारण उसके गांव के प्रकाश (पुत्र मोगजी नाई) ने उससे शादी कराने के एवज में 4 लाख रुपये की मांग की। 23 फरवरी 2024 को प्रकाश ने वासुदेव की शादी सीमा (पुत्री जगदीश प्रजापति, निवासी बड़ोदरा, गुजरात) से करवाई। इसके बदले में दो लाख रुपये कल्पना (पत्नी मांगीलाल, निवासी राखो, बागीदौरा) के खाते में और दो लाख रुपये नगद कल्पना को दिए गए। शादी के समय वधु को सोने-चांदी के जेवर भी दिए गए। दो दिन बाद सीमा अपने पीहर चली गई, 16 दिन बाद लौटी, और फिर 26 मार्च 2024 को सभी जेवरात लेकर फरार हो गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, उप अधीक्षक रूप सिंह के सुपरविजन और थाना प्रभारी खटीक के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने 1 जुलाई 2025 को अहमदाबाद से दलाल कल्पना (उम्र 48) और प्रकाशचंद्र (उम्र 54) को गिरफ्तार किया और सागवाड़ा थाने लाया।



# आरसीए में नवनिर्मित परीक्षा सभागार का उद्घाटन, महामहिम कटारिया बोले - बेरोजगारी मिटाने का हल जमीन से ही निकलेगा





**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। राजस्थान कृषि महाविद्यालय (आरसीए), उदयपुर में मंगलवार को नवनिर्मित परीक्षा सभागार का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक महामहिम श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि भारत की बढ़ती जनसंख्या और बेरोजगारी का समाधान भी इसी जमीन से—कृषि क्षेत्र से—निकलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि खेती के साथ जुड़े सहायक व्यवसायों को अपनाना ही भविष्य का रास्ता है।

## खेती के साथ व्यवसाय जोड़ें, नहीं तो मैनपावर कहां खपाएंगे?

कटारिया ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हमारी जनसंख्या 140 करोड़ को पार कर चुकी है। "इतने बड़े मैनपावर को कहां खपाएंगे? इसका हल हमें कृषि के साथ चलने वाले व्यवसायों में ढूंढना होगा," उन्होंने कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे छोटी जोत वाले किसानों के लिए व्यवहारिक मॉडल विकसित करें, जिससे वे आंवला, नींबू, आम, फूलों की खेती या बागवानी से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने आदिवासी अंचलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां किसान मक्का बोने के बाद मजदूरी के लिए पलायन कर जाते हैं और बाद में फसल पशु खा जाते हैं या हरे भुट्टे चोरी हो जाते हैं। इस स्थिति में बदलाव आवश्यक है।

कृषि वैज्ञानिकों की उपलब्धियां और आह्वान कटारिया ने कहा कि देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का श्रेय हमारे कृषि वैज्ञानिकों को जाता है। पहले हम अमेरिका से आयातित गेहूं पर निर्भर थे, लेकिन आज हम न केवल अपने लिए पर्याप्त अनाज उगा रहे हैं, बल्कि अन्य देशों को भी निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने समारोह में उपस्थित कृषि विद्यार्थियों से कहा, "भारत तुम्हें देख रहा है। तुम में वह सामर्थ्य है जो भारत को तीसरी नहीं, पहली अर्थव्यवस्था बना सकता है।" विशिष्ट अतिथि डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने बताया कि कटारिया ने अपने विधायक मद से 20 लाख रुपये इस परीक्षा सभागार के लिए दिए थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण परीक्षा हॉल की भारी कमी थी, लेकिन अब यह समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय को 58 पेटेंट में से 41 पेटेंट प्राप्त हुए, जो अनुसंधान और नवाचार में एमपीयूएटी की सशक्त उपस्थिति को दर्शाते हैं।

### प्रसिद्ध किस्में व अनुबंध

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने प्रताप संकर मक्का-6 किस्म विकसित की है जिसकी औसत उपज 60-65 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पहुंच चुकी है, जो पूर्व की तुलना में दुगनी है। छह कंपनियों के साथ इसका बीज उत्पादन कर किसानों को उपलब्ध कराने के लिए एमओयू किए जा चुके हैं। अपने संबोधन में कटारिया ने उदयपुर के ऐतिहासिक जल संरक्षण मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यहां महाराणाओं की दूरदर्शिता से 200 मीटर पाल बांधकर एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील बनाई गई। उन्होंने 1965 की देवास परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना पूरा होने पर बीसलपुर तक पानी पहुंचाने की क्षमता रखती है। उन्होंने गोगुंदा क्षेत्र में जल संकट का भी जिक्र किया, जहां सर्वाधिक वर्षा के बावजूद लोग पानी के लिए तरसते हैं। समारोह में राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.बी. दुबे, विश्वविद्यालय प्रबंध समिति सदस्य, डीन व डायरेक्टर्स डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. आर.एल. सोनी, डॉ. सुनील जोशी, डॉ. आर.ए. कौशिक, डॉ. कविता जोशी, डॉ. एस. रमेश बाबू, बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अधिकारी उपस्थित थे। संचालन डॉ. कपिल देव आमेटा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एस.एस. लखावत ने दिया।

# मोहर्रम पर्व को लेकर शांति और कानून व्यवस्था हेतु प्रशासनिक बैठक आयोजित



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 1 जुलाई। मोहर्रम पर्व को लेकर शहर में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने की, जबकि एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह, एडीएम सिटी वार सिंह तथा एएसपी उमेश ओझा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी छड़ी और मोहर्रम जुलूस के दौरान यात्रा मार्गों पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों पर सड़क मरम्मत, साफ-सफाई, लाइटिंग व्यवस्था, अवरोध हटाना और अन्य व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। प्रशासन ने यह भी निर्देशित किया कि सिविल डिफेंस, चिकित्सा दल और अग्निशमन की टीमें मौके पर तैनात रहें ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक में मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया और उन्होंने प्रशासन को विश्वास दिलाया कि मोहर्रम पर्व को शांति, भाईचारे और परंपरागत सौहार्दपूर्ण माहौल में ही मनाया जाएगा। इस अवसर पर मोहर्रम कमेटियों के पदाधिकारी, नगर निगम, विद्युत, जलदाय, यातायात, और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने समाज के सहयोग से एक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मोहर्रम पर्व के आयोजन की आशा जताई है।एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के मुताबिक, घटना को दबाने के लिए शमशाद और अफसाना ने पुलिस को बताया कि रिजवाना छत से उतरते समय सीढ़ियों से फिसल कर गिर गई और उसकी मौत हो गई। लेकिन मृतका के भाई रिजवान अंसारी को संदेह हुआ और उसने 29 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की जांच में सामने आया कि दोनों महिलाओं के बीच पहले से ही तनाव था, और अफसाना को डर था कि नई पत्नी रिजवाना उसके बच्चों के अधिकारों को छीन लेगी। आटा गूंथने की छोटी सी बात पर शुरू हुई बहस ने अंततः रिजवाना की जान ले ली। जांच के दौरान पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी और गला घोंटने के लिए इस्तेमाल किया गया दुपट्टा बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# समकित की प्राप्ति के भव से लिखे जाते है तीर्थकरो के जीवन चरित्र : जैनाचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 1 जुलाई। जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज आदि ठाणा 5 का अम्बामाता स्कीम से विहार कर शिक्षा भवन चौराहा स्थित श्री पद्मनाभ स्वामी जैन तीर्थ चौगान मंदिर में प्रवेश हुआ।

कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया कि चौबीसी के अंतिम तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी एवं आगामी चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर श्री पद्मनाभ स्वामी के च्यवन कल्याणक निमित्त भारवाही स्तुतिओं के माध्यम से च्यवन कल्याणक भावयात्रा का आयोजन हुआ। शैलेश भाई संगीतकार ने सभी को भक्ति संगीत के साथ भावविभोर किया।

जैनाचार्य श्री ने भगवान महावीर एवं पद्मनाभ स्वामी के जीवन चरित्र पर मार्मिक प्रवचन देते हुए कहा कि दुनिया में लोकप्रसिद्ध लोगों के जीवन चरित्र उनके जन्म से लिखे जाते है, परंतु तीर्थकर लोकोत्तर महापुरुष होने से उनके जीवन चरित्र उनकी आत्मा के समकित की प्राप्ति के भव से लिखे जाते है। भगवान महावीर के समकित की प्राप्ति के बाद 27 भव हुए। प्रथम भव में वे ग्रामचिंतक नयसार के रूप में थे। राजा की आज्ञा से लकडो की पसंदगी के लिए राजसेवकों के साथ वे जंगल में गए थे। भोजन के समय पर उनके मन में परोपकार का शुभ भाव पैदा हुआ। यदि कोई साधु पुरुषों का सत्संग हो जाय तो उन्हें दान देकर में भोजन करूं।" इस शुभ भाव को अमल में लाते हुए उसने पेड पर चढक़र देखा। किसी भी सहायता से रहित कुछ मुनि भगवंत जंगल में रहे थे। हर्षित होकर उन्हें दानदेकर जंगल पार करने का रास्ता बताया। तब इतने छोटे सत्संग से मुनि भगवंत ने उसे भवजंगल को पार करने का रास्ता बताया। बस वहीं से उनकी आत्मा की प्रगति शुरू हो गई। उनकी आत्मा ने समकित प्राप्त किया । समकित का अर्थ है विवेक ज्ञान। आत्मा और शरीर भिन्न है। में शरीर नहीं लेकिन आत्मा हुं।' इस विवेक ज्ञान की प्रतीति । यदि यह विवेक ज्ञान आत्मा के भीतर पैदा हो जाय तो जीवन शैली बदले बिना नहीं रहती है। दुनिया के अधिकांश लोग मात्र शरीर केन्द्रित जीवन जी रहे है। 24 घण्टे के दिन में 24 मिनीट भी आत्मा के लिए नहीं होती है।. सममित की प्राप्ति के बाद जीवन आत्म-केन्द्रित हो जाता है। इस पंचम काल में हमारी आत्मा मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकती है, परंतु मोक्ष के रिजर्वेशन स्वरूप समकित अवश्य प्राप्त कर सकती है। समकित की प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपाय सद्गुरु का सत्संग है। अतः हमें भी अपने आत्मीक उत्थान के लिए सद्गुरु का सत्संग करना ही चाहिए। चातुर्मास सत्संग की मौसम है। सद्गुरु का संग पाकर उनके उपदेशों को आचरण में लाने का प्रयत्न करना चाहिए।

27 भवों में अनेक उतार चढाव के बीच 25वे नंदन ऋषी के भव में एक लाख वर्ष तक संयम जीवन के पालन के साथ 11,80,645 मासक्षमण तप और सभी जीवों के आत्मकल्याण की शुभ भावना की। इस शुभभावना के फलस्वरूप 27 वें भव में वे तीर्थंकर वर्धमान महावीर बने । पूर्व के देव भव से उनका देवानंदा माता की कुक्षी में अवतरण को च्यवन कल्याणक कहा जाता है। उनके पांच कल्याण के समय में के सभी जीवों को सुख प्राप्त होता है, यावत् घोर दुख को सहते नारकों को भी क्षण भर के लिए शांति मिलती है।

कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया 2 व 3 जुलाई को प्रातः9.30 बजे प्रेरणादायी प्रवचन होगा। चातुर्मास प्रवेश मालदास स्ट्रीट में 4 जुलाई को है। इस अवसर पर पद्मनाभ स्वामी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र हिरण, श्रीसंघ के महामंत्री कुलदीप नाहर, देशबंधु जैन, राजेन्द्र कोठारी, फतेहसिंह मेहता, राकेश चेलावत, राजेन्द्र करणपुरिया, जसवंतसिंह सुराणा, भोपालसिंह सिंघवी आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब उदयपुर मीरा ने चिकित्सकों को दिया हर्बल-टी का तोहफा




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब उदयपुर मीरा द्वारा प्रोजेक्ट सुकून के अंतर्गत शहर के समर्पित चिकित्सकों को एक विशेष तोहफा दिया गया — सुकून हर्बल टी । रोटरी मीरा अध्यक्षा डॉ. रेखा सोनी ने बताया कि इस आत्मीय पहल का उद्देश्य केवल चाय पिलाना नहीं था, बल्कि यह भाव देना था। हम आपको सुकून दे रहे हैंज् ताकि आप हमारे मरीजों को सुकून दे सकें। प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बनी यह सुकून चाय हमारे डॉक्टरों के लिए धन्यवाद का प्रतीक थी — उनके दिन-रात के समर्पण और सेवा के लिए एक छोटी सी शांतिपूर्ण भेंट। इस अवसर पर सचिव कविता बलदवा, विजय लक्ष्मी गलूंडिया, रतन पामेचा ,वीणा सनाढ्य, प्रियंका कोठारी, उर्मिला जैन, संगीता देथा, पायल जैन, पुष्पा कोठारी, स्वीटी छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# आईसीएआई भवन में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने मनाया 77वां सीए डे




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 1 जुलाई। हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन में मंगलवार को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान का 77 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ।

शाखा अध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के आरम्भ में शाखा भवन में प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण किया गया। शाखा भवन में हेल्थ चेकअप शिविर में ब्लड शुगर, विटामिन डी 3, बीपी जांच व रक्तदान शिविर लगाया गया।

77वें सीए दिवस पर रक्तदान शिविर व हेल्थ चेक शिविर का आयोजन में 74 रक्त वीरों ने रक्तदान किया जिसमें महिलाओं ने भी भागीदारी दिखाई। हेल्थ चेक में सीए सदस्यों व परिवारजन ने अपना मेडिकल चेकअप करवाया। शाखा भवन में पौधे वितरित किए गए। पशुओं के लिए भोजन वितरण और जरूरतमंद बच्चों में बेग व भोजन सामग्री भेंट की गई। एकत्रित किए गए पुराने वस्त्र भी वितरण किए गए।

कार्यक्रम में आईसीएआई की तरफ से 75 वर्षीय वरिष्ठ सीए सदस्यों को स्मृति चिन्ह दिए गए और साथ ही सीए सदस्यता के 25 वर्ष पूर्ण करने पर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का मेवाड़ी पगड़ी, उपरणा, शॉल व सम्मान-पत्र देकर कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रथम व द्वितीय सत्र में डॉ. हिरेन्द्र सिंह व डॉ. प्रशांत गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य सम्बधित जानकारियां उपलब्ध कराई, खान-पान व दिनचर्या को सही रखने की जानकारी दी।

इस अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत, सचिव सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी, कोषाध्यक्ष सीए. सौरभ गोलछा, सीकासा सदस्य सीए अरूणा गेलड़ा तथा सीए. अंशुल कटेजा उपस्थित थे।इस अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष सीए चिराग धर्मावत, सचिव सीए धर्मेन्द्र सिंह कोठारी, कोषाध्यक्ष सीए. सौरभ गोलछा, सीकासा सदस्य सीए अरूणा गेलड़ा तथा सीए. अंशुल कटेजा उपस्थित थे।

# औदिच्य समाज खेलकूद प्रतियोगिता : क्रिकेट में बड़गांव और वॉलीबॉल में बेदला चैम्पियन



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 1 जुलाई। औदिच्य समाज केन्द्रीय कार्यकारिणी विश्वेश्वर महादेव बेड़वास एवं बड़गांव कुंटुंब के संयुक्त तत्वावधान में बड़गांव के युवा समाजसेवी एवं खेल प्रतिभा तरूण जोशी, बंशी व्यास व लवेश व्यास के प्रयासों से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता समारोह पूर्वक सम्पन्न हुई। आयोजक टीम के तरूण जोशी के अनुसार क्रिकेट प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मैच में बीसीसी बड़गांव विजेता व बेडवास टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार वॉलीबॉल में एकलिंगनाथ क्लब बेदला विजेता व भेरूनाथ क्लब बड़गांव उपविजेता रहा। वहीं अंडर-16 वर्ग में मोरियो का कुआं डबोक के युवा खिलाड़ियों ने बाजी मारी। समापन समारोह में केन्द्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री कमलेश शर्मा एवं समस्त पदाधिकारियों के साथ समाज के विभिन्न कुंटब के अध्यक्ष एवं सदस्यजन व वरिष्ठजनों ने विजेता-उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाह, वॉलियटर्स को सम्मानित किया गया। समारोह में एक विशेष पुरस्कार हाल ही में जयपुर में आयोजित किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बेदला निवासी लवित्र शर्मा पुत्र श्री सुनील शर्मा को सम्मानित किया गया। क्रिकेट मैच के प्रमुख पुरस्कारों में मैन ऑफ दी सीरीज लवेश व्यास के नाम रही जबकि बेस्ट बॉलर दीपेश शर्मा, बेस्ट कैच तरूण जोशी, बेस्ट फिल्डर मनीष शर्मा, बेस्ट सिक्स का पुरस्कार धर्मेन्द्र शर्मा के नाम रहा। वॉलीबॉल में मृणाल शर्मा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। अंत में अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने आयोजकों को इस बेहतरीन आयोजन की बधाई देते हुए समाज की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए समय समय पर ऐसे आयोजन कराने की बात कही और भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की हौसलाफजाई की। कार्यक्रम का संचालन प्रणय जोशी व सुनील व्यास ने किया। अंत में आभार बंशी व्यास ने जताया।

# नारेला विद्यालय में 25 साल से हो रहे कब्जे पर चला सरकारी पंजा



**24 न्यूज अपडेट**

निम्बाहेड़ा। शंभूपुरा मंगलवार 1जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर के तहत ग्राम नारेला में कुल रकबा 1.79 हैक्टेयर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की भूमी को गत 25 साल से हो रहे कब्जे से ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध संसाधन जेसीबी ट्रैक्टर इत्यादि की सहायता से तुरन्त मोके पर ही हटवाया गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस रविन्द्र कुमार, तहसीलदार राहुल धाकड़, भू अभिलेख निरीक्षक रमेश टेलर, पटवारी नेहा, पटवारी अनीता, ग्राम पंचायत और ग्राम वासियों की उपस्थिति में अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्य में स्कूल स्टाफ, ग्राम वासियों और बच्चों द्वारा भी सहयोग किया गया।

# आर्यिका प्रसन्नमति ससंघ का मंगल चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर आयड़ में प्रवेश



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 1 जुलाई। धर्मनगरी उदयपुर में प्राचीन ताम्बावती नगरी चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर आयड़ में वर्षायोग 2025 के लिए बुधवार सुबह 7.30 बजे आर्यिका प्रसन्नमति ससंघ का मंगल प्रवेश होगा। मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष भंवरलाल गदावत ने बताया कि चर्तुमास ताम्बावती नगरी आयड़ में इस वर्ष का वर्षायोग चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांति सागर महाराज के षष्टम पट्टाचार्य समाधि सम्राट अभिनन्दन सागर महाराज की सुयोग्य सुशिष्या योगिनी जिनवाणी सेवा चन्द्रिका धर्म प्रभाविका बाल योगिनी आर्यिका प्रसन्नमति का मंगल प्रवेश होगा। प्रवेश से पूर्व भारत की प्रथम की श्रमणि गणिनी सुभूषणमति व आर्यिका प्रसन्नमति का सुबह 6.45 दुर्गा नर्सरी रोड सुखाडिया समाधि पर महा मिलन होगा।

# न.पा. अध्यक्ष आशीष गांधी का कार्यकाल 60 दिन के लिए पुनः बढ़ा

**24 न्यूज अपडेट**

सागवाड़ा (रिपोर्टः जयदीप जोशी). राज्य सरकार ने नगर पालिका अध्यक्ष आशीष गांधी के कार्यकाल को आगामी 60 दिनों के लिए पुनः बढ़ा दिया है। स्वायत्त शासन निदेशालय, जयपुर द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि गांधी को 1 मई 2025 को 60 दिन की अनधिकृत कालावधि अथवा राज्य सरकार के आगामी आदेश तक के लिए मनोनीत किया गया था। अब उसी क्रम की निरंतरता में पार्षद वार्ड 21 से आशीष गांधी को 60 दिन अथवा राज्य सरकार द्वारा निर्गत अगले आदेश(जो भी पहले हो) तक पुनः नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में कार्यभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि गांधी के नेतृत्व में सागवाड़ा नगर पालिका में स्वच्छता, हरियाली एवं आधारभूत विकास के अनेक कार्य गतिशील हैं।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**

desk24newsupdate@gmai.com

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।